हरिभूमि
विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 22 सितंबर 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

06 पुलिस अधीक्षक ने किया प्रतिमा विसर्जन स्थल व थानों का निरीक्षण



07 2 हजार से अधिक के यूपीआई व्यापारी लेन-देन पर...



खबर संक्षेप

200 साल पुराना नक्काशीदार विमान आज निकलेगा

विदिशा। श्री द्वारकाधीश मंदिर से भगवान हरिरायजी का करीब 200 वर्ष पुराना नक्काशीदार विमान आज शाम 4 बजे जल विहार के लिए निकलेगा। परंपरा अनुसार बड़ी हवेली के राजासाहब ठाकुरजी को अपने हाथों से कहारों को सौंपेंगे, इसके बाद विमान रवाना होगा। विमान बड़ी हवेली, बजरिया, तोपपुरा होते हुए वेत्रवती नदी के बड़बाले घाट पहुंचेगा। यहां राधाजी, कृष्ण एवं बलरामजी सपत्नीक जल विहार करेंगे और झूला झुलाया जाएगा। आरती के बाद विमान रामलीला, तोपपुरा, बजरिया, बड़ा बाजार, रायसेन गेट व पेढ़ी होते हुए मंदिर लौटेगा। रात में जागरण, आरती और प्रसादी होगी।

निराकरण में देरी न हो गुणवत्ता का रखें ध्यान

विदिशा। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सोमवार को बेतवा सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में लंबित आवेदनों और विभिन्न अभियानों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी प्रकरणों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करें। सेवा संकल्प और मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान में किसी स्तर पर लापरवाही न हो। नल-जल योजनाओं के पंचायतों को हस्तांतरण से पहले ग्रामीणों को जानकारी देने, वन विस्थापन प्रकरणों पर एसडीएम स्तर पर बैठकें करने और अनुकंपा नियुक्ति के मामलों का प्राथमिकता से निराकरण करने को कहा।

ब्लॉक मुख्य संगठक बने जीवन लाल शर्मा

ग्यारसपुर। जीवन लाल शर्मा को कांग्रेस सेवा दल का ब्लॉक मुख्य संगठक नियुक्त किया गया है। नियुक्ति मप्र कांग्रेस सेवा दल के प्रदेश अध्यक्ष अवनीश भार्गव के अनुमोदन तथा जिला मुख्य संगठक रामराज सिंह दांगी और जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी की अनुशंसा पर की गई। नियुक्ति पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने हर्ष जताते हुए शर्मा को बधाई दी।



आठ दिन संलेखना व्रत के बाद डॉ. मणिकांत नागड़ा का देह परिवर्तन


विदिशा। श्वेतांबर जैन समाज के साधार्मिक भाई एवं धर्मनिष्ठ डॉ. मणिकांत काँजी नागड़ा का आठ दिनों की संलेखना साधना के बाद देह परिवर्तन हो गया। वे साधु-संतों के सान्निध्य में संलेखना व्रत का पालन कर रहे थे और इस दौरान केवल जल ग्रहण किया। देर रात जैन धर्मशाला में उन्होंने अंतिम सांस ली। डॉ. नागड़ा जैन समाज की धार्मिक गतिविधियों में लंबे समय से सक्रिय रहे। सरल और आत्मीय व्यवहार के कारण वे विभिन्न समाजों में भी सम्मानित थे। सोमवार को निकली देह परिवर्तन यात्रा में जैन समाज के साथ विभिन्न लोग शामिल हुए।


रात तीन बजे बदमाशों ने बोलेरो चालक से लिफ्ट लेकर लूट की

देशी कट्टे की नोक पर 1.67 लाख की लूट का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

लिफ्ट लेने के बहाने बोलेरो में सवार हुए थे बदमाश, हथियार दिखाकर मारपीट की और नकदी लूटी

कट्टा, कारतूस, बाइक और मोबाइल बरामद





हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

- रात तीन बजे लिफ्ट लेकर बोलेरो में बैठे थे आरोपी।
- लूट करने के बाद बोलेरों की चाबी झाड़ियों में फेकी।
- दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

कुरवाई पुलिस ने लिफ्ट देने के बहाने बोलेरो में सवार होकर देशी कट्टे की नोक पर 1.67 लाख की लूट करने वाले दो आरोपियों को दबोच लिया।

आरोपियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल देशी कट्टा, दो जिंदा कारतूस, बाइक, मोबाइल फोन और लूटी गई राशि में से अधिकांश रकम बरामद की है। पुलिस तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र की मदद से आरोपियों तक पहुंची। 16 सितंबर को ग्राम मेहलुआ चौराहा निवासी दिनेश पिता रामसेवक मिश्रा अपनी बोलेरो से फतेहपुर मोड़ की ओर जा रहे थे। दोपहर करीब 3 बजे रास्ते में बाइक सवार दो युवकों ने लिफ्ट मांगी। दोनों बोलेरो में सवार हो गए। कुछ दूरी आगे जाने के बाद आरोपियों ने देशी कट्टा दिखाकर दिनेश को जान से मारने की धमकी दी और मारपीट कर 1.67 लाख लूट लिए। इसके बाद बोलेरो की चाबी झाड़ियों में फेंककर बाइक से फरार हो गए। फरियादी की रिपोर्ट पर कुरवाई थाने में मामला दर्ज किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी रोहित काशवानी के निर्देश पर एएसपी मोनिका तिवारी और एसडीओपी कुरवाई रोशनी सिंह के मार्गदर्शन में पुलिस टीम गठित की गई। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिरों से मिली जानकारी के आधार पर संदिग्धों की तलाश शुरू की। लगातार प्रयासों के बाद 19 सितंबर को दोनों संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पुलिस के अनुसार पूछताछ में दोनों ने लूट की वारदात कबूल की, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार कुल 1 लाख 67 हजार 100 रुपए की राशि बरामद की गई है। मामले में धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट भी बढ़ाई गई है।

शिवपुरी और दतिया के रहने वाले आरोपी

गिरफ्तार आरोपियों में शिवम पिता बलवंत सिंह यादव (25), निवासी चंदवारा/दिनारा, जिला शिवपुरी और देवेश पिता रामसिया विश्वकर्मा (24), निवासी ठिकाऊ, थाना धीरपुरा, जिला दतिया, हाल निवासी दिनारा शामिल हैं। पुलिस के अनुसार शिवम के खिलाफ दतिया में हत्या समेत अन्य धाराओं, अशोकनगर में एनडीपीएस एक्ट और कुरवाई में लूट व आर्म्स एक्ट के मामले दर्ज हैं।

फर्जी नंबर प्लेट लगी बाइक से आए थे

पुलिस ने आरोपियों से 315 बोर का देशी कट्टा, दो कारतूस, 3 हजार 200 और 3 हजार 900 रुपए नकद, बैंक में जमा 1.60 लाख की रसीद, पासबुक, नीली होंडा शाइन बाइक, एप्पल और वनप्लस के मोबाइल तथा वारदात में पहने कपड़े बरामद किए हैं। बाइक पर फर्जी नंबर प्लेट लगी थी, जबकि उसका वास्तविक नंबर कुछ और था।

नदी में कूदे युवक का 24 घंटे बाद भी नहीं चला पता

परिजनों ने किया चक्काजाम, रेस्क्यू टीम तलाश में जुटी



विदिशा। दूसरे दिन भी तलाश रही जारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

शमशाबाद में सांपन नदी में लापता 27 वर्षीय युवक का 24 घंटे बाद भी कोई सुराग नहीं मिला है। स्थानीय रेस्क्यू टीम लगातार उसकी तलाश कर रही है। युवक के नहीं मिलने से नाराज परिजनों और ग्रामीणों ने सोमवार सुबह सांपन नदी के पुल पर चक्काजाम कर दिया।

वे बाहर से अनुभवी गोताखोरों की टीम बुलाकर तलाश कराने की मांग कर रहे थे। ग्राम बम्होरी निवासी गिरवर अहिरवार (27) रविवार दोपहर करीब डेढ़ बजे सांपन नदी के पुल पर पहुंचा था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक वह नदी में चला गया था। सूचना मिलते ही पुलिस और स्थानीय रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची और तलाश शुरू की। रातभर तलाश के बाद भी युवक का पता नहीं चला। परिजनों के मुताबिक सुबह 8 बजे से सर्च ऑपरेशन शुरू करने की बात कही गई थी। पर्याप्त इंतजाम नहीं होने का आरोप लगाते हुए उन्होंने सुबह करीब 10 बजे चक्काजाम कर प्रदर्शन किया।

बाहर से गोताखोर बुलाने की मांग

परिजनों ने कहा कि उनकी मांग सिर्फ अनुभवी गोताखोरों की टीम बुलाकर युवक की तलाश कराने की है। उनका आरोप है कि अभी तक शमशाबाद की स्थानीय टीम ही तलाश कर रही है और बाहर से गोताखोर नहीं बुलाए गए हैं। उन्होंने कहा कि तय समय तक युवक नहीं मिलने पर वे दोबारा चक्काजाम करेंगे। ग्रामीणों ने कहा कि वे किसी विशेष सुविधा की मांग नहीं कर रहे हैं। उनकी मांग सिर्फ अनुभवी गोताखोरों की टीम बुलाकर युवक को जल्द तलाश करने की है। शमशाबाद थाना प्रभारी आशुतोष सिंह राजपूत ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। इसके बाद से लगातार रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। टीम नदी में युवक की तलाश कर रही है। परिवार और ग्रामीण भी नदी किनारे मौजूद हैं।

किराए पर दिया ट्रैक्टर दो ठगों ने मिलकर बेच डाला, 7 महीने से भटक रहा मालिक

एसपी और कलेक्टर को कई बार आवेदन, सिविल लाइन थाने में भी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

शहर से करीब 30 किमी दूर डंगरवाड़ा से आगे ग्राम रोंडा करैया निवासी आशीष ठाकुर का ट्रैक्टर किराए पर लेने के बाद कथित तौर पर बेच दिया गया। ट्रैक्टर वापस लेने और आरोपियों पर कार्रवाई के लिए आशीष पिछले सात महीने से पुलिस और प्रशासन के चक्कर लगा रहा है।

कई बार आवेदन देने के बावजूद न तो उसकी रिपोर्ट दर्ज की जा रही है और न ही ट्रैक्टर बरामद करने की कार्रवाई हो रही है। आशीष के अनुसार जनवरी में बनियाखेड़ी निवासी साहब सिंह धाकड़ और लिलगवां, जिला रायसेन निवासी बबलू धाकड़ ने उसका सोनालिका ट्रैक्टर 25 हजार रुपए प्रतिमाह किराए पर लिया था। दोनों ने 50 हजार रुपए एडवांस दिए थे। सीजन खत्म होने पर ट्रैक्टर लौटाने की बात तय हुई थी। तीन महीने बाद जब आशीष ने ट्रैक्टर वापस मांगा तो दोनों टालमटोल करने लगे। बाद में उसे पता चला कि ट्रैक्टर अशोकनगर में बेच दिया गया है।

एसपी रोहित काशवानी को भी 3 बार दे चुका आवेदन

आशीष का कहना है कि वह शिकायत लेकर सिविल लाइन थाने पहुंचा, लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई। इसके बाद पुलिस को एक लिखापढ़ी दी गई, जिसमें आशीष से 2 लाख 20 हजार रुपए लेना बताया गया। आशीष ने इसे फर्जी बताया। उसके मुताबिक पुलिस जांच में ट्रैक्टर साहब सिंह से बबलू, बबलू से बलवंत सिंह और बलवंत से रामबाबू लोधी के पास जाने की बात सामने आई। पीड़ित आशीष ठाकुर ने 5 जून, 20 अगस्त और 16 सितंबर को एसपी रोहित काशवानी को आवेदन दिए। 17 जुलाई को कलेक्टर को भी आवेदन दिया। सिविल लाइन थाने में दो बार शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं होने का आरोप है। आशीष का कहना है कि वह आवेदन दे देकर थक चुका है। ट्रैक्टर न होने के कारण कोई काम भी नहीं कर पा रहा। ट्रैक्टर वापस नहीं मिला तो आत्महत्या कर लूंगा। आशीष आज जनसुनवाई में फिर से ज्ञापन देने पहुंचेगा।

व्यापार महासंघ ने किया आज यूपीआई से लेनदेन बंद रखने का एलान

विदिशा। व्यापार महासंघ की आवश्यक बैठक रविवार को महासंघ अध्यक्ष राजेश जैन के कार्यालय में हुई। बैठक में केंद्र सरकार द्वारा व्यापारियों पर यूपीआई यानी डिजिटल लेनदेन पर 0.4 प्रतिशत टैक्स लगाए जाने के प्रस्ताव का विरोध करने का निर्णय लिया गया। महासंघ ने 23 सितंबर, बुधवार को पूरे दिन यूपीआई से लेनदेन बंद रखने का आह्वान किया है। बैठक में अध्यक्ष राजेश जैन, महामंत्री नरेंद्र सोनी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरीश बांधवानी, उपाध्यक्ष आशीष माहेश्वरी, वरिष्ठ मंत्री जितेंद्र जैन जीतू, संयुक्त मंत्री विवेक शर्मा और कोषाध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल मौजूद रहे। महासंघ के पदाधिकारियों ने कहा कि प्रस्तावित टैक्स का भार सीधे व्यापारियों पर पड़ेगा। महासंघ ने व्यापारियों से 23 सितंबर को यूपीआई के बजाय केवल नकद लेनदेन कर विरोध में सहयोग करने की अपील की है।

नगरपालिका में बहस के बाद जमकर हंगामा, 41 पुराने वाहनों की बिक्री पर विवाद, नेता प्रतिपक्ष ने उठाए सवाल

करीब 21 लाख रुपए के बताए जा रहे वाहनों की बिक्री प्रक्रिया पर आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

नगरपालिका के 41 पुराने वाहनों की बिक्री को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। करीब 21 लाख रुपए कीमत के बताए जा रहे इन वाहनों की बिक्री प्रक्रिया पर नगर पालिका के नेता प्रतिपक्ष ने सवाल उठाते हुए आपत्ति दर्ज कराई है। उनका आरोप है कि वाहनों की बिक्री से पहले नियमानुसार सार्वजनिक विज्ञप्ति जारी कर आम लोगों को इसकी जानकारी नहीं दी गई।

मामले की जानकारी मिलने के बाद नेता प्रतिपक्ष नगर पालिका कार्यालय पहुंचे और अधिकारियों के समक्ष अपनी आपत्ति दर्ज कराई। इस दौरान बिक्री प्रक्रिया को लेकर दोनों पक्षों के बीच बहस हो गई। देखते ही देखते नगर पालिका परिसर में हंगामे की स्थिति बन गई। हालांकि बाद में मामला शांत हुआ।



प्रक्रिया और दस्तावेजों की मांगी जानकारी

नेता प्रतिपक्ष का कहना है कि नगर पालिका की संपत्ति माने जाने वाले पुराने वाहनों की बिक्री में पूरी पारदर्शिता बरती जानी चाहिए। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि वाहनों की बिक्री के लिए निर्धारित प्रक्रिया अपनाई गई थी तो इसकी सार्वजनिक जानकारी किस माध्यम से और कब जारी की गई। उन्होंने नगर पालिका प्रशासन से 41 वाहनों की बिक्री से जुड़े दस्तावेज उपलब्ध कराने की मांग की है। साथ ही वाहनों की कीमत किस आधार पर तय की गई, बिक्री के लिए कौन-सी प्रक्रिया अपनाई गई और सार्वजनिक सूचना जारी हुई या नहीं, इसकी जानकारी मांगी है। अब पूरे मामले में नगर पालिका प्रशासन की ओर से प्रक्रिया से संबंधित दस्तावेज और स्थिति स्पष्ट किए जाने का इंतजार है।

देवनारायण भगवान व राधारानी जन्मोत्सव पर लटेरी में निकला चलसमारोह, जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लटेरी

श्री देवनारायण भगवान एवं श्री राधारानी जन्मोत्सव के अवसर पर सोमवार को गुर्जर समाज द्वारा कृषि उपज मंडी प्रांगण से भव्य चल समारोह निकाला गया। इसमें विदिशा जिले के अलावा भोपाल, राजगढ़, शिवपुरी, मुरैना, गुना और अशोकनगर सहित अन्य जिलों से आए हजारों समाजजन शामिल हुए। शोभायात्रा में भगवान देवनारायण की झांकी, डीजे, ढोल-नगाड़े और बैंड की धुनों के साथ समाजजन नृत्य करते हुए चल रहे थे। पांडा और गोरिल्ला के स्टैचू आकर्षण का केंद्र रहे। जय स्तंभ चौक पर भाजपा और सिरोंज चौराहे पर कांग्रेस सहित नगरवासियों ने पुष्पवर्षा कर चल समारोह का स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रमाशंकर गुर्जर मंडेला, दिनेश गुर्जर मुरैना विधायक और गुर्जर महासभा प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र गुर्जर ने की। राष्ट्रीय प्रवक्ता सुगना बाईसा सुंदरलाल पंडा सहित वीर सिंह, प्रकाश, विष्णु, प्राण सिंह, भूपत सिंह और जगदीश गुर्जर मौजूद रहे।

मंदिर में चोरी के बाद मूर्ति खंडित, ग्रामीणों ने एसडीएम को दिया ज्ञापन

विदिशा। आनंदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बंदीपुर स्थित हनुमान मंदिर में चोरी के मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इधर ग्रामीणों ने मंदिर में मूर्ति खंडित करने का आरोप लगाते हुए एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस के अनुसार 18 सितंबर को ग्रामीणों ने हनुमान मंदिर के दरवाजे खुले देखे। मंदिर में जाकर देखने पर गांव के ही संजीव धाकड़ को हनुमानजी की मूर्ति से चांदी की आंखें निकालने का प्रयास करते देखा गया। ग्रामीणों ने उसे पकड़कर पुलिस को सूचना दी। मामले में आनंदपुर थाने में प्रकरण दर्ज किया गया। पुलिस ने संजीव पिता लाल साहब धाकड़ (35), निवासी बंदीपुर को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की। आरोपी के मेमोरेण्डम के आधार पर उसके घर के बाहर दहलान में ट्रैक्टर के पहिये के पास और खेड़े से मंदिर से चोरी की सामग्री बरामद की गई। बरामद सामग्री की कीमत करीब 10 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस ने 2 घंटियां, 2 सिंहासन, पीतल की 7 गणेश प्रतिमाएं, 3 कृष्ण, 1 हनुमान सहित अन्य प्रतिमाएं, पीतल का पंचमुखी दीपक, तांबे का लोटा, शालिग्राम और घी का डिब्बा बरामद किया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। कार्रवाई एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन, एएसपी मोनिका तिवारी व एसडीओपी लटेरी अमरेश बोहरे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी राकेश रघुवंशी की टीम ने की।

पूरे तहसील क्षेत्र का सर्वे कराकर मुआवजा फसल बीमा और कृषि राहत दिलाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुलाबगंज

अल्पवर्षा और सोयाबीन सहित खरीफ फसलों में पीला मोजेक व अन्य रोगों से हुए नुकसान को लेकर सोमवार को किसान कांग्रेस के नेतृत्व में किसानों ने बर्री चौराहे से तहसील कार्यालय तक रैली निकाली।

किसानों ने मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर गुलाबगंज तहसील को सूखा प्रभावित घोषित करने की मांग की। किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष विनीत दांगी ने कहा कि क्षेत्र में बारिश कम होने से खेतों में पर्याप्त नमी नहीं है और फसलों को नुकसान हुआ है। उन्होंने ग्रामवार बारिश के आंकड़ों के बजाय पूरे तहसील क्षेत्र में समग्र सर्वे कराने की मांग की। सर्वे में फसल नुकसान, रोगों से क्षति, मिट्टी की नमी और रबी फसल के लिए सिंचाई संसाधनों की स्थिति का आकलन करने की बात कही। ज्ञापन में प्रभावित किसानों को मुआवजा, फसल बीमा और कृषि राहत देने की मांग की गई। इस दौरान गोविंद सिंह राजपूत, किशन सिंह दांगी, राजीव दांगी, सचिन ठाकुर, आकाश मीणा सहित बड़ी संख्या में किसान और कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

फसल रोग से परेशान किसानों ने निकाली रैली



वात्सल्य गणपति मंच से मिला सोशल मीडिया के विवेकपूर्ण उपयोग का संदेश

छात्रों ने योग, छत्रपति संभाजी महाराज व भारत माता पर दीं प्रभावी प्रस्तुतियां, मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

वात्सल्य गणपति महोत्सव के आठवें दिन सोमवार को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ विद्यार्थियों को सोशल मीडिया के विवेकपूर्ण उपयोग का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में भोपाल से वरिष्ठ पत्रकार, राजनीतिक विश्लेषक, लेखक और मीडिया रणनीतिकार कृष्ण मोहन झा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। पालक शिक्षण संघ के सदस्य सुनील सोनी, अशोक जैन, अंकित गर्ग, अरविंद राय, रश्मि पाठक, सपना रैकवार, मचल सिंह और राकेश जैन भी उपस्थित रहे। विद्यालय संचालिका देवना अरोरा, नम्रता अरोरा एवं संजय शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया।

कार्यक्रम की शुरुआत योग के महत्व पर आधारित नाटिका से हुई। विद्यार्थियों ने योग को स्वस्थ शरीर, स्वस्थ मन और अनुशासित जीवन का आधार बताया। इसके बाद छत्रपति संभाजी महाराज के शौर्य, साहस और त्याग पर आधारित नाटिका प्रस्तुत की गई। भारत माता और राष्ट्र के प्रति समर्पण पर आधारित नृत्य-नाटिका ने भी दर्शकों को भावविभोर किया। प्रवीण्य सूची में स्थान बनाने वाले विद्यार्थियों को कृष्ण मोहन झा और पालकों ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। झा ने कहा कि अच्छे अंक महत्वपूर्ण हैं, लेकिन सीखने की आदत, अनुशासन और निरंतर प्रयास अधिक जरूरी हैं। सोशल मीडिया से दूरी नहीं, बल्कि उसका विवेकपूर्ण उपयोग जरूरी है। बिना सत्यापन के कोई खबर शेयर नहीं करनी चाहिए। इस अवसर पर झा की पुस्तक 'डॉ. मोहन भागवत संदेश' की प्रतियां विद्यालय संचालिका और टीम को भेंट की गईं। उन्होंने विद्यालय के कार्यों की सराहना करते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अंत में देवना अरोरा ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।



खबर संक्षेप

दो पक्षों में झगड़ा, आधा दर्जन घायल



गंजबासौदा। बरेठ रोड स्थित धर्मकांटा क्षेत्र में सोमवार की शाम लेनदेन को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। यह विवाद इतना बढा कि दोनों पक्षों ने हथियारों से एक दूसरे पर हमला कर दिया। इसमें से एक पक्ष के अर्जुन परिहार, करण परिहार और दूसरे पक्ष के बिट्टू राजावत, कपिल यादव एवं कुछ अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। जहां से आधा दर्जन घायलों की हालत गंभीर होने पर उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद उच्च स्तरीय उपचार के लिए विदिशा रेफर कर दिया गया। पुलिस ने इस मामले में घायलों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के साथ ही मामले की जांच एवं कार्रवाई शुरू कर दी है। टीआई संजय बेदिया के अनुसार खबर लिखे जाने तक प्रकरण दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है। उधर इस विवाद की जानकारी लगते ही धर्मकांटा क्षेत्र में बडी संख्या में तमाशबीनों की भीड जुट गई और वहां दहशत का माहौल बना रहा। बाद में पुलिस ने मौके पर पहुंचकर भीड को तितर बितर किया और स्थिति को संभाला।

संगोष्ठी आयोजित

गंजबासौदा। सोमवार को शहर वाचनालय पाठक संघ द्वारा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में वक्ताओं ने संत हिरदाराम के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें महान संत निरूपित किया और उनके जीवन से प्रेरणा लेने की आवश्यकता पर जोर दिया। वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में कहा कि भोपाल में उनका आगमन 1965 में हुआ तब से वह लगातार भोपाल में अपनी सेवा देते रहे उनकी मृत्यु भी भोपाल मे हुई। इस दौरान श्रद्धांजली अर्पित की गई। वहीं सयुंक्त राष्ट्र महा सभा द्वारा 1981 में प्रारम्भ किए गए विश्व शांति दिवस पर भी चर्चा कर उसकी जानकारी दी गई।

दोपहर और शाम को हुई झमाझम बारिश, नदी नालों का जलस्तर बढा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा





सोमवार को एक बार फिर नगर में दोपहर के समय जोरदार बारिश हुई। इसके बाद आसमान पर बादल छाए रहे और शाम को एक बार फिर से झमाझम बरसात हो गई। जिससे मौसम में ठण्डक घुल गई। हांलाकि मानसून की विदाई और फसलों के पकने के समय हो रही इस बारिश से किसानों को परेशानी हो रही है, लेकिन इस बारिश से इलाके में बरसात का आंकडा औसत बारिश तक पहुंचने लगा है।

इलाके में पिछले दो दिन से ही बारिश की संभावना बन रही थी। गत दिवस भी आसपास के क्षेत्र में अच्छी बारिश हुई, लेकिन नगर में बूंदाबांदी ही हुई। वहीं सोमवार को सुबह भी हल्की बूंदाबांदी के बाद मौसम साफ हो गया। इसके बाद दोपहर और शाम को जोरदार बारिश हो गई। जिससे सड़कें पानी से तरबतर हो गईं। नदी, नालों का जल स्तर बढ गया। अभी तक नगर में 929 मिमी बारिश दर्ज की जा चुकी है जबकि पिछले वर्ष आज तक 994 मिमी बारिश दर्ज हुई थी।

उत्कृष्ट विद्यालय की चार छात्राएं राज्य स्तरीय प्रतियोगता में चयनित



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय की चार छात्राओं का चयन राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए हुआ है। शमशाबाद में आयोजित संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में विद्यालय की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में रायसेन को पराजित कर खिताब अपने नाम किया। अब दो छात्राएं 3 अक्टूबर को नर्मदापुरम और दो छात्राएं 6 अक्टूबर को भिंड में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपने कौशल का परचम लहराएंगी। छात्राओं की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य प्रदीप चौरसिया, खेल शिक्षक एसके जैन सहित समस्त स्टॉफ ने बधाई देते हुए राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित होने की अग्रिम शुभकामनाएं दी हैं।

सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को लेकर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

पुलिस अधीक्षक ने किया प्रतिमा विसर्जन स्थल व थानों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा





सोमवार को पुलिस अधीक्षक रोहित कासवानी का नगर आगमन हुआ। इस दौरान उन्होंने बेतवा नदी स्थित बनाऐ गए गणेश प्रतिमा विसर्जन स्थल का निरीक्षण करते हुए सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। तत्पश्चात शहर थाना, देहात थाने में अपराधों की विवेचना, डिजिटल पुलिसिंग एवं विवेचकों को मिले नए टैबलेट के उपयोग की समीक्षा की।

यहां उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी द्वारा आगामी गणेश विसर्जन एवं अन्य त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विसर्जन स्थल की सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन, आवागमन, प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेटिंग, आपातकालीन एवं रेस्क्यू व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, गोताखोरों, बोट की तैनाती, संवेदनशील क्षेत्रों में सतत निगरानी, यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने तथा किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसके पश्चात थाना बासौदा देहात का निरीक्षण किया गया। इस दौरान थाने में लंबित एवं प्रचलित अपराधों की समीक्षा करते हुए विवेचकों से प्रकरणवार जानकारी ली गई। गंभीर एवं लंबित प्रकरणों में साक्ष्यों के संकलन, विवेचना की गुणवत्ता एवं प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान विवेचकों को उपलब्ध कराए गए नए टैबलेट के संबंध में भी जानकारी ली गई। टैबलेट के उपयोग, विवेचना संबंधी कार्यों में इसकी उपयोगिता एवं डिजिटल माध्यम से किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। उपलब्ध तकनीकी संसाधनों का प्रभावी उपयोग करते हुए विवेचना को अधिक त्वरित, व्यवस्थित एवं तकनीक-सक्षम बनाने के निर्देश दिए गए। इस दौरान महत्वपूर्ण डिजिटल पुलिसिंग प्लेटफॉर्म के उपयोग एवं कार्यप्रणाली की समीक्षा की गई। सभी डिजिटल माध्यमों का प्रभावी एवं नियमानुसार उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, जिससे पुलिसिंग में पारदर्शिता एवं कार्यों में तेजी लाई जा सके। मालखाने का निरीक्षण कर वहां रखे सामान एवं अभिलेखों के रख-रखाव तथा सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली गई। व्यवस्थाओं को व्यवस्थित एवं सुरक्षित बनाए रखने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए। गुंडा निगरानी एवं जिला बदर प्रकरणों से संबंधित फाइलों एवं रिकॉर्ड की समीक्षा की गई। आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों पर प्रभावी निगरानी रखने तथा कानून-व्यवस्था की दृष्टि से आवश्यक वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान एसडीओपी शिखा भलावी, शहर थाना प्रभारी संजय वेदिया, देहात थाना प्रभारी जय कुमार सिंह, यातायात निरीक्षक निरपत सिंह लोधी सहित पुलिस बल स्टॉफ उपस्थित रहा।

सामूहिक नवग्रह विधान पूजन हुआ



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

पर्यूषण पर्व के छठे दिन उत्तम संयम धर्म की आराधना करते हुए सुगंध दशमी पर्व मनाया गया। दसलक्षण धर्म में पर्व केवल उत्सव मनाने का अवसर नहीं, बल्कि आत्मचिंतन और आत्मशुद्धि की प्रेरणा देने वाले अवसर होते हैं। सुगंध दशमी भी ऐसा ही महत्वपूर्ण पर्व है, जो श्रद्धालुओं को धर्म, संयम और सदाचार के मार्ग पर आगे बढ़ने का संदेश देता है। इस अवसर पर जिनेंद्र भगवान की पूजा-अर्चना कर धूप अर्पण, व्रत एवं धार्मिक अनुष्ठानों के माध्यम से आत्मकल्याण की भावना व्यक्त की जाती है। सुगंध दशमी का सबसे गहरा संदेश उत्तम संयम से जुड़ा है। जैन दर्शन में संयम का अर्थ केवल भोजन या इच्छाओं पर नियंत्रण करना नहीं, बल्कि मन, वचन और शरीर को अनुशासित रखना है। हमारी इंद्रियां लगातार बाहरी विषयों की ओर आकर्षित होती हैं। ऐसे में उनके आकर्षण में बहने के बजाय विवेक और आत्मनियंत्रण के साथ जीवन जीना ही संयम की साधना है। धूप की सुगंध कुछ समय के लिए वातावरण को महकाती है, लेकिन उत्तम संयम की सुगंध पूरे जीवन को महका सकती है। सुगंध दशमी हमें इसी गहरे संदेश से जोड़ती है कि धर्म केवल पूजा और व्रत तक सीमित नहीं, बल्कि हमारे विचारों, वाणी और व्यवहार में दिखाई देना चाहिए। नगर के मेवली काचरोद रोड़ स्थित आचार्य श्री विद्यासागर गौशाला में स्थित श्री बृषभोदय अतिशय क्षेत्र में विराजमान मूल नायक बड़े बाबा श्री आदिनाथ भगवान के समक्ष पंच परमेष्ठी की आराधना करते हुए श्री नवग्रह विधान का भव्य आयोजन किया। संगीतमय विधान में नगर के सभी जिनालयों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पधारे और इंद्र इन्द्राणी बनकर धर्म आराधना करते हुए भगवान की भक्ति की। आचार्य श्री विद्यासागर गौशाला में आयोजित धार्मिक आयोजन में मंत्रोच्चार से पूरा वातावरण सकारात्मक ऊर्जा से परिपूर्ण हो गया। वहीं विधान के अंत में विश्व शांति महायज्ञ एवं हवन किया गया। उपस्थित गौ सेवकों और श्रद्धालुओं ने गायों को गौ ग्रास खिलाकर गौ शाला में यथा योग्य दान कर पुण्यार्जन किया।

प्रदेश अध्यक्ष बने मोहर सिंह, रामदयाल बने उपाध्यक्ष



गंजबासौदा। अखिल भारतीय कलावत समाज समिति के साधारण सम्मेलन में प्रदेश कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश उपाध्यक्ष की नियुक्ति सर्वसम्मति से की गई। सम्मेलन में अशोकनगर, गुना, भोपाल, सागर, राजगढ़ सहित विभिन्न जिलों के समाजजन बड़ी संख्या में शामिल हुए। बैठक के दौरान समाज के वरिष्ठजनों की उपस्थिति में चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई, जिसमें ग्राम इमलिया के मोहर सिंह कलावत को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं ग्राम मेहरा के सेवानिवृत्त शिक्षक रामदयाल कलावत को प्रदेश उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष मोहर सिंह कलावत ने दायित्व मिलने पर सभी समाजजनों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि समाज को संगठित कर समाज में पिछड़े वर्ग के लोगों को शिक्षा, खेल एवं रोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जाएगा। समाज की एकता और विकास ही उनकी प्राथमिकता रहेगी। प्रदेश उपाध्यक्ष रामदयाल कलावत ने कहा कि समाज के युवाओं को शिक्षित और संस्कारित करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने समाजजनों से संगठन को मजबूत करने में सहयोग की अपील की। बैठक में समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने नवगठित कार्यकारिणी को बधाई देते हुए समाज हित में कार्य करने का संकल्प लिया।

आत्मशुद्धि और कर्मनिर्जरा का पावन मार्ग

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



16 सितंबर से प्रारंभ हुए महापर्व 10 लक्षण पर्व में नगर के समस्त जिनालयों एवं चैत्यालयों में प्रातः काल से मंगलाष्टक , अभिषेक शांति धारा हो रही है। तत्पश्चात तत्वार्थ सूत्र का वाचन एवं व्याख्यान, दोपहर में मंदिर में विधान एवं शाम को मंगल आरती के पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न हो रहे हैं। प्रमुख कार्यक्रम भगवान महावीर विहार में आचार्य श्री 108 विद्यासागर महाराज के मंगल आशीर्वाद एवं आचार्य 108 समय सागर महाराज की परम प्रभाविक शिष्या बाल ब्रह्मचारी सुनीता दीदी एवं बाल ब्रह्मचारी संगीता दीदी इंदौर व्रती श्राविका आश्रम के मंगल सानिध्य में स्टेशन जैन मंदिर एवं भगवान महावीर विहार में प्रतिदिन मंगल पूजन एवं 10 धर्म पर देशना का लाभ मिल रहा है। दशलक्षण पर्व के अंतर्गत उत्तम तप धर्म का विशेष महत्व बताया गया है। जैन दर्शन के अनुसार तप आत्मशुद्धि का माध्यम है, जो संयम और साधना के द्वारा कर्मों की निर्जरा में सहायक बनता है। तप केवल उपवास तक सीमित न होकर इच्छाओं पर नियंत्रण, त्याग और आत्मचिंतन का भी मार्ग है। बाह्य तप के साथ आंतरिक तप के माध्यम से मन, वचन और काया को संयमित करने का प्रयास किया जाता है। उत्तम तप धर्म व्यक्ति को आत्मकल्याण की दिशा में आगे बढ़ाते हुए जीवन में त्याग, संयम, अनुशासन की भावना दृढ़ करता है।

स्वतंत्रता संग्राम के अमर बलिदानों को किया याद

गंजबासौदा। शहर वाचनालय में स्वतंत्रता संग्राम के अमर बलिदानों को याद करते हुए कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि अमृतसर में 18 सितबमर 1883 को जन्मे मदनलाल ढींगरा ने लंदन में इंजीनियरिंग की पढ़ाई के दौरान भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़कर क्रांतिकारी गतिविधियों में भाग लिया। 1 जुलाई 1909 को उन्होंने कर्जन वायली की हत्या की। उन्हें 17 अगस्त 1909 को लंदन में फाँसी दी गई। गोंडवाना राजवंश के राजा शंकर शाह और उनके पुत्र कुंवर रघुनाथ शाह ने 1857 के विद्रोह में जबलपुर क्षेत्र में अंग्रेजी शासन के विरुद्ध संघर्ष का नेतृत्व किया। दोनों देशभक्ति से ओतप्रोत कविताएँ भी रचते थे। अंग्रेजों ने उन्हें गिरफ्तार कर 18 सितंबर 1857 को तोप के मुँह से बाँधकर शहीद कर दिया। इस मौके पर अनेक लोग उपस्थित थे।

बेत्रवती नदी के रिपटा घाट पर होगा आयोजन

श्राद्ध पूर्णिमा पर होगा पितृ तर्पण का सामूहिक आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

पूर्वजों की आत्मशांति की कामना के लिए श्राद्ध पूर्णिमा के अवसर पर बेत्रवती रिपटा घाट पर आयोजित होने वाले देव ऋषि पितृ तर्पण कार्यक्रम की तैयारी को लेकर बासौदा श्री हिंदू उत्सव समिति की बैठक दादजी प्लाजा में आयोजित की गई। उल्लेखनीय है कि समिति द्वारा 26 सितंबर को पितृपक्ष की श्रद्धा पूर्णिमा के अवसर पर मां बेत्रवती के रिपटा घाट पर सामूहिक रूप से तर्पण का आयोजन रखा गया है। जिसमें शामिल होने वाले श्रद्धालुओं को पूजन सामग्री निशुल्क प्रदान की जावेगी। समिति संरक्षक राजेश तिवारी ने कहा कि कार्यक्रम प्रातः 6 बजे से 12 बजे तक रहेगा। विद्वान ब्राह्मणों के द्वारा वैदिक मंत्रो के उच्चारण के साथ सभी पूर्वजों के स्मरण का यह अनुष्ठान पूरे विधि विधान से संपन्न होगा। जाति पंथ के भेद को मिटाकर यह कार्यक्रम समरसता की मिशाल बनेगा। बैठक की अध्यक्षता कर रहे ज्योतिष आचार्य पंडित केशव शास्त्री ने कहा कि यह पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का अवसर है इस तर्पण से हम अपने पितरों के साथ-साथ ज्ञात अज्ञात प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष समस्त पितरों की आत्म शांति की कामना करेंगे। समिति के वरिष्ठ संरक्षक विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने सभी सनातन धर्मावलंबियों से कार्यक्रम में शामिल होकर हमारे सांस्कृतिक जीवन मूल्यों के प्रति आदर भाव व्यक्त करने की अपील की है। बैठक में बालकृष्ण अरोरा, जगदीप सिंह राजपूत, लक्ष्मी नारायण शर्मा, देवराज राजपूत, सावन अग्रवाल, धीरेंद्र सिकरवार, लोकेश सक्सेना, पवन रिछारिया, संदीप अरोरा, सोनू अरोरा, बसंत राजपूत, प्रवीण प्रताप सिंह जादौन, गगन दुबे, कपिल रघुवंशी, गजेंद्र औदिच्य, चेतन पाठक, मन्नू ठाकुर, आकाश शर्मा, अमित मेहता, विनीत तिवारी, लकी छाबड़ा, शुभेन्द्र राजपूत, राहुल शर्मा, रविंद्र जैन सहित समिति सदस्य मौजूद रहे।

भविष्का फैंसी ड्रेस, याशिका डांस में अव्वल



गंजबासौदा। पूज्य सिंधी पंचायत के तत्वावधान में युवा मोर्चा द्वारा त्योंदा रोड सिन्धी कालोनी मंदिर में भगवान श्री गणेश जी की मनमोहक झांकी सजाई गई है। जहां प्रतिदिन काजू, बादाम ,मखाने, किशमिश, ड्राई फ्रूट एवं मोदक का प्रसाद अर्पित किया जा रहा है। झांकी स्थल पर बच्चों के लिए प्रतिदिन कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी तारतम्य में रविवार को फैंसी ड्रेस एवं डांस कंपटीशन का आयोजन किया गया। जिसमें कई बच्चों ने भाग लिया। फैंसी ड्रेस में प्रथम स्थान भविष्का रिद्धिमा हर्ष तनवानी एवं डांस कंपटीशन में यशिका बन्टी लालवानी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इन दोनों बेटियों को युवा मोर्चा ने उपहार स्वरूप गिफ्ट देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर पूज्य सिंधी पंचायत के सदस्यगण एवं माताएं बहिनें और बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



25 करोड़ बच्चों के सपनों का भारत अभियान के अतंर्गत संकुल स्तर पर राष्ट्रव्यापी ड्राइंग चित्रकला एंव भाषण प्रतियोगिता संकुल केंद्र शासकीय कन्या हाईस्कूल गाँधी चौक पर आयोजित की गई। इस अभियान का मुख्य उदेश्य बच्चों की कल्पनाशीलता के माध्यम से विकसित भारत का संकल्प और प्रधानमंत्री द्वारा किए गए सेवा कार्यों की जानकारी को जन-जन तक पहुंचाना है।

कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। प्रतियोगिता में संकुल अंतर्गत आने वाले विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। चित्रकला प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने विकसित भारत, स्वच्छ भारत, डिजिटल इंडिया और पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों को अपनी कल्पना के माध्यम से कैनवास पर उतारा। वहीं भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने मेरे सपनों के भारत पर अपने ओजस्वी विचार प्रस्तुत किए। इस अवसर पर अतिथियों में नारायण सोनी, संजय समैया, राजू रैकवार, चतर सिंह लोधी, प्रकाश वीर सिंह, जनशिक्षक समीर याज्ञनिक, जनशिक्षक अमित श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में रचनात्मकता और देशभक्ति की भावना विकसित करते हैं। यही बच्चे भविष्य में सपनों के भारत का निर्माण करेंगे। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को आगे विकास खंड स्तरीय प्रतियोगिताओं मे शामिल किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन योग गुरू सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने किया। जबकि आभार संकुल प्राचार्य लक्ष्मी देवी प्रजापति ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में संकुल केंद्र के समस्त शासकीय, अशासकीय शालाओं के प्रधानाध्यापक, सहयोगी शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्र , छात्राएं उपस्थित रहीं।

थोक अनाज तिलहन व्यापार संघ ने तहसीलदार को प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

2 हजार से अधिक के यूपीआई व्यापारी लेन-देन पर एमडीआर का व्यापारियों ने किया विरोध

कृषि व्यापार से जुड़े डिजिटल भुगतान को एमडीआर से मुक्त रखने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

2 हजार रुपये से अधिक के चुनिंदा यूपीआई व्यापारी लेन-देन पर प्रस्तावित मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) लागू किए जाने के निर्णय को लेकर सिरोंज के व्यापारियों में विरोध के स्वर उठने लगे हैं।

इसी के विरोध में थोक अनाज तिलहन व्यापार संघ सिरोंज के पदाधिकारियों एवं व्यापारियों ने संघ अध्यक्ष समीर भार्गव के नेतृत्व में तहसील कार्यालय पहुंचकर प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। व्यापारियों ने प्रस्तावित एमडीआर व्यवस्था को वापस लेने तथा कृषि उपज मंडियों एवं कृषि व्यापार से जुड़े डिजिटल भुगतान को इससे पूर्णतः मुक्त रखने की मांग की। भारत सरकार की ओर से 15 सितंबर 2026 को जारी जानकारी के अनुसार, 2 हजार रुपये से अधिक के निर्धारित पर्सन-टू-मर्चेंट (पी2एम) यूपीआई लेन-देन पर 0.4 प्रतिशत एमडीआर लागू करने की व्यवस्था की गई है। वहीं 75 हजार रुपये या उससे अधिक के लेन-देन पर एमडीआर की अधिकतम सीमा 300 रुपये प्रति लेन-देन रखी गई है। यह नई व्यवस्था 15 अक्टूबर 2026 से लागू होने की जानकारी दी गई है।

कृषि व्यापार का स्वरूप अलग, बढ़ सकती है लागत

ज्ञापन में व्यापारियों ने कहा कि कृषि उपज मंडियों में होने वाला व्यापार सामान्य खुदरा व्यापार से अलग प्रकृति का है। मंडियों में व्यापारी किसानों से बड़ी मात्रा में कृषि उपज की खरीदी करते हैं। इसके साथ ही हम्मालों, मजदूरों, परिवहनकर्ताओं, कर्मचारियों तथा अन्य संबंधित पक्षों को भी लगातार भुगतान करना पड़ता है। ऐसे में बड़ी संख्या में होने वाले डिजिटल लेन-देन पर अतिरिक्त एमडीआर लागू होने से व्यापारियों की लागत में वृद्धि हो सकती है। व्यापारियों का कहना है कि कृषि व्यापार में एक दिन में कई बार बड़ी राशि के भुगतान और प्राप्ति की



आवश्यकता होती है। वर्तमान समय में यूपीआई के माध्यम से भुगतान व्यवस्था ने व्यापार को काफी सरल बनाया है। यदि प्रत्येक पात्र लेन-देन पर शुल्क देना पड़ेगा तो इसका सीधा असर व्यापारियों की लागत पर पड़ सकता है।

डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के बजाय अतिरिक्त भार क्यों

व्यापार संघ ने ज्ञापन में कहा कि देश में डिजिटल इंडिया और कैशलेस अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के दौरान व्यापारियों ने सरकार की डिजिटल भुगतान व्यवस्था को अपनाने में महत्वपूर्ण सहयोग दिया है। छोटे से लेकर बड़े व्यापारियों तक ने नकद लेन-देन की तुलना में यूपीआई को तेजी से अपनाया है। व्यापारियों का कहना है कि यूपीआई के माध्यम से भुगतान ने व्यापार में पारदर्शिता बढ़ाने के साथ-साथ भुगतान प्रक्रिया को भी आसान बनाया है। ऐसे समय में डिजिटल माध्यम से होने वाले व्यापारी लेन-देन पर अतिरिक्त लागत आने से व्यापारियों में चिंता उत्पन्न होना स्वाभाविक है।

कृषि मंडियों को एमडीआर से मुक्त रखने की मांग

थोक अनाज तिलहन व्यापार संघ ने मांग की है कि 2 हजार रुपये से अधिक के यूपीआई व्यापारी लेन-देन पर लागू किए जाने वाले एमडीआर को वापस लिया जाए। विशेष रूप से कृषि उपज मंडियों एवं कृषि व्यापार से संबंधित डिजिटल भुगतान को एमडीआर से पूर्णतः मुक्त रखने की मांग की गई है। व्यापारियों ने कहा कि कृषि क्षेत्र से जुड़ा व्यापार सीधे किसानों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था से जुड़ा हुआ है। ऐसे में इस क्षेत्र में डिजिटल भुगतान पर अतिरिक्त आर्थिक भार पड़ने से व्यापारिक गतिविधियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। संघ ने छोटे एवं मध्यम व्यापारियों पर डिजिटल भुगतान के नाम पर किसी भी प्रकार का अतिरिक्त आर्थिक भार नहीं डालने की मांग भी की।

सरकार तक मांग पहुंचाने का आग्रह

व्यापार संघ ने प्रशासन से आग्रह किया कि व्यापारियों की समस्याओं और मांगों को केंद्र सरकार तथा संबंधित मंत्रालय तक तत्काल पहुंचाया जाए, ताकि कृषि व्यापार से जुड़े व्यापारियों को प्रस्तावित एमडीआर व्यवस्था से राहत मिल सके। संघ ने कहा कि व्यापारी डिजिटल भुगतान व्यवस्था के विरोध में नहीं हैं, बल्कि उनका आग्रह है कि डिजिटल लेन-देन को प्रोत्साहित करने वाली व्यवस्था में व्यापारियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ न डाला जाए। ज्ञापन सौंपते समय संघ अध्यक्ष समीर भार्गव, राजेश मित्तल, राजेश जैन, प्रियांक जैन, लोकेश जैन, टिग्गू साहू, नीरज जैन, मनीष जैन, रामू राठौर सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

शांति, सद्भाव और भाईचारे का दिया संदेश

निर्मला कॉन्वेंट स्कूल में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस



सिरोंज। निर्मला कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को शांति के महत्व, आपसी प्रेम, सद्भाव, सहिष्णुता तथा विभिन्न धर्मों के मूल संदेशों से परिचित कराना था। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को यह संदेश दिया गया कि शांति केवल युद्ध या हिंसा का अभाव नहीं, बल्कि मन, परिवार, समाज और विश्व में प्रेम, सम्मान एवं सहयोग की भावना स्थापित करने का नाम है। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न धर्मों की शिक्षाओं और धर्मग्रंथों में निहित शांति एवं मानवता के संदेशों को विद्यार्थियों के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर शिक्षक अनिल जैन ने जैन धर्म की शिक्षाओं पर प्रकाश डालते हुए अहिंसा, अनेकांतवाद, अपरिग्रह और आत्मसंयम के महत्व को समझाया। उन्होंने बताया कि अहिंसा और सभी जीवों के प्रति करुणा की भावना समाज में शांति स्थापित करने का महत्वपूर्ण आधार है। विद्यालय की प्राचार्य सिस्टर टेंसी एवं सहायक प्रबंधक फादर मिथुन ने ईसाई धर्म की शिक्षाओं के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रेम, क्षमा, सेवा, दया और मानवता का संदेश दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को समझाया कि दूसरों के प्रति प्रेम और क्षमा की भावना रखने से आपसी संबंध मजबूत होते हैं और समाज में शांति का वातावरण निर्मित होता है। इसी क्रम में शिक्षक अल्ताफ अहमद ने इस्लाम धर्म की शिक्षाओं के माध्यम से शांति, भाईचारे, करुणा, समानता एवं परस्पर सम्मान के साथ-साथ एक आदर्श पड़ोसी बनने के महत्व को बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को समझाया कि सभी मनुष्यों के प्रति सद्भाव और सम्मान रखना एक शांतिपूर्ण समाज के निर्माण के लिए आवश्यक है। शिक्षक प्रशांत एवं महेन्द्र भार्गव ने हिन्दू धर्मग्रंथों में वर्णित शांति एवं मानव कल्याण के संदेशों को विद्यार्थियों के समक्ष रखा। उन्होंने धर्मग्रंथों के विभिन्न उपदेशों के माध्यम से वसुधैव कुटुम्बक, सर्वे भवन्तु सुखिनः, सत्य, प्रेम, करुणा और परोपकार जैसे जीवन मूल्यों को समझाया। वक्ताओं ने कहा कि विभिन्न धर्मों की परंपराएं अलग हो सकती हैं, लेकिन मानवता, प्रेम, सेवा और शांति का संदेश सभी को एक-दूसरे से जोड़ता है। कार्यक्रम में शिक्षक अलोसियस के द्वारा शांति के लिये गीत का गायन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को कुछ समय ध्यान एवं शांति साधना भी कराई गई।

संकुल स्तर पर चयनित प्रतिभागी 23 सितंबर को ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में होंगे शामिल

25 करोड़ बच्चों के सपनों का भारत अभियान के तहत संकुल स्तरीय प्रतियोगिताएं आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

25 करोड़ बच्चों के सपनों का भारत अभियान के तहत सोमवार को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नयापुरा सिरोंज की ओर से संकुल स्तरीय भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन सांदीपनि विद्यालय में किया गया।

प्रतियोगिता में संकुल अंतर्गत विभिन्न शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के चयनित छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रतियोगिता में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नयापुरा, शासकीय विद्यालय सेमलखेड़ी, गुलाबगंज,



देवपुर, मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सांदीपनि विद्यालय तथा आदर्श संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के चयनित छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने भाषण एवं चित्रकला के माध्यम से अपने विचारों, कल्पनाओं और भविष्य के भारत की परिकल्पना को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता के दौरान उपस्थित चयन समिति द्वारा विद्यार्थियों की प्रतिभा एवं प्रदर्शन का मूल्यांकन किया गया। इसके आधार पर ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता के लिए प्रतिभागियों का चयन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों का उत्साह देखते ही बना और उन्होंने अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में संकुल प्राचार्य उमेश सोनी, विद्यालय प्राचार्य महेश कुमार ताम्रकार, संजीव माथुर, श्रीमती भारती सक्सेना, सुरेश जैन, अशोक शर्मा, राजेश भार्गव, कु. मानसी गुप्ता, धीरज कुशवाह सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। बताया गया कि अभियान के तहत 23 सितंबर को ब्लॉक स्तरीय तथा 26 सितंबर को जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के विद्यार्थी सहभागिता करेंगे।

श्री गणेश जन्मोत्सव समारोह में प्रतिदिन हो रहे सांस्कृतिक एवं धार्मिक आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

नगर के प्राचीन मंदिर श्री गणेष मंदिर गणेश की अथाई पर परंपरानुसार श्री गणेश जन्मोत्सव समारोह धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस अवसर पर प्रतिदिन मंदिर परिसर में सांस्कृतिक, धार्मिक एवं सनातन धर्म पर आधारित कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं जिसमें बड़ी संख्या में नगर के सनातन धर्मप्रेमी बंधु उपस्थित होकर सनातन धर्म एवं भारतीय संस्कृति से परिचित हो रहे हैं। देष-भक्ति गीत प्रतियोगिता में स्कूली बच्चों ने प्रस्तुत किये देष-भक्ति के समधुर तराने। श्री गणेश उत्सव समिति द्वारा आयोजित इस 12 दिवसीय समारोह में रविवार को रात्रि में देष-भक्ति गीत गायन



प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें नगर के शासकीय एवं अषासकीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर देष-भक्ति से युक्त अपने समधुर गीतों की प्रस्तुति दी। कनिष्ठ एवं वरिष्ठ वर्ग की इस प्रतियोगिता में लगभग 40 प्रतिभागी सम्मिलित हुए। निर्णायक मंडल द्वारा प्रतिभागियों की सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति, हाव-भाव एवं लय-ताल के आधार पर वरिष्ठ वर्ग में ईशान इंटरनेशनल स्कूल के छात्र रुव रघुवंशी को प्रथम व शासकीय सांदीपनि हायर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा सौम्या आचार्य को द्वितीय एवं शुभ लाभ स्कूल के जय विश्वकर्मा को तृतीय पुरूस्कार प्रदान किया गया। वहीं प्रतियोगिता के कनिष्ठ वर्ग में निर्मला कान्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा ओजस्वी श्रीवास्तव सको प्रथम व ईशान इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा पीहू जैन को द्वितीय एवं गंगा बाई हायर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा आस्था बैरागी को तृतीय पुरूस्कार प्रदान किया गया। निर्णायक की भूमिका में रामेश्वर शर्मा महेंद्र राजपूत और अदिति शर्मा गायक उपस्थित रहे। इस अवसर पर समिति द्वारा प्रतियोगिता में शामिल हुए सभी प्रतिभागियों का सम्मान किया गया। प्रतियोगिता के कनिष्ठ एवं वरिष्ठ वर्ग में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को क्रमषः 1501 रूपये नकद 1101 रूपये एवं 751 रूपये नकद एवं ट्राफी प्रदान की गई। इस अवसर पर समिति द्वारा समस्त प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

जागरूक महिला और सशक्त समाज का दिया संदेश

पुरबिया समाज संगठन के तत्वाधान में हुआ महिलाओं पर केंद्रित कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

पुरबिया समाज सेवक संगठन के तत्वाधान में महिला बालिका जागरूकता प्रशिक्षण शिविर में महिलाओं बालिकाओं को आत्मरक्षा, साइबर अपराध से बचाव, कानूनी अधिकार, महिला स्वास्थ्य, किशोर अवस्था में होने वाले शारीरिक मानसिक परिवर्तन, शिक्षा, आत्मनिर्भरता, कैरियर मार्गदर्शन सहित विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा जानकारी देकर मार्गदर्शन किया गया। कार्यक्रम में सामाजिक परंपराओं को सरल एवं सीमित रूप में अपनाने का भी संकल्प लिया गया। महिला बालिका जागरूकता शिविर में उप निरीक्षक नेहा अहिरवार ओजस अस्पताल की डॉक्टर मानसी जैन, एडवोकेट ज्योति ठाकुर, गीता ठाकुर, सीमा ठाकुर, के साथ नंदिनी ठाकुर, अंजली ठाकुर, रानू ठाकुर, रिचा ठाकुर ने भी अपने विचार व्यक्त किया और महिलाओं को जागरूक सशक्त बनाए जाने के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन कुमकुम ठाकुर ने आभार प्रदर्शन श्रीमती सुमन ठाकुर ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र से भारी संख्या में महिलाओं एवं बालिकाओं की उपस्थिति रही।

धान की फसलों को मिला जीवनदान, तापमान में आई गिरावट

बदला मौसम- दो दिन से रात में हो रही बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

पिछले 1 सप्ताह से बारिश न होने से धान की फसले प्रभावित होने के साथ किसान भारी परेशान बने हुए थे। शनिवार एवं रविवार की रात में कभी तेज कभी रिमझिम घंटो बारिश होने से धान की फसलों को जीवनदान मिलने के साथ तापमान में गिरावट आने से किसान और क्षेत्र के निवासी राहत महसूस करने लगे हैं।

पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष औसत से आधी भी बारिश नहीं हुई हे, जिसका असर नदी



नालों में कम जल स्तर और नीचे गिरा भूजल स्तर के साथ गर्मी उमस के रूप में सामने आ रहा है। भादो का महीना समाप्त होने वाला है कम बारिश की बनी स्थिति से धान की फसलों के साथ रवि सीजन की गेहूं चना इत्यादि की फसलो की बबनी भी प्रभावित हो सकती है। शनिवार रविवार को हुई बारिश से कुछ राहत मिली है किसान और क्षेत्र के निवासी मानसून की विदाई से पूर्व नर्मदा क्षेत्र में जोरदार बारिश की प्रार्थना करते नजर आ रहे हैं।

शाम होते ही बारिश

सुबह से शाम तक तेज धूप गर्मी उमस का माहौल बना रहता है जैसे ही शाम का अंधेरा होता है बिजली की चमक दमक बादलों की गर्जना के साथ शनिवार एवं रविवार को बारिश होने की स्थिति रही। जैसे ही बारिश होती है हवाओं में ठंडक आ जाने से रात का मौसम सर्द हो जाता है।

मेरे सपनों का भारत विषय पर हुई भाषण प्रतियोगिता

वात्सल्य स्कूल में सेवा संकल्प अभियान के तहत हुआ कार्यक्रम

एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत हुआ वृक्षारोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

नगर की प्रतिष्ठित एवं अग्रणी शैक्षणिक संस्था, वात्सल्य कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल के प्रांगण में 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत विशेष चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का सफल आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती पुनीता बिदुआ, श्रीमती स्वाति बिंदुआ एवं अवनीश पालीवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे भाषण प्रतियोगिता का मुख्य विषय ₹मेरे सपनों का भारत₹, जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अत्यंत उत्साह और उमंग के साथ अपनी सहभागिता दर्ज की। भाषण प्रतियोगिता में जहाँ बच्चों ने अपने ओजस्वी विचारों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया, वहीं चित्रकला प्रतियोगिता में कैनवास पर रंगों के माध्यम से अपने सपनों के भारत की मनमोहक तस्वीर उकेरी।

पर्यावरण संरक्षण का संदेश- कार्यक्रम के दौरान ₹एक पेड़ मां के नामः अभियान के अंतर्गत विद्यालय प्रांगण में पौधारोपण भी किया गया। अतिथियों, विद्यालय प्रबंधन और विद्यार्थियों ने मिलकर पौधे लगाए तथा प्रकृति के संवर्धन एवं संरक्षण का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने बच्चों की कला और विचारों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। प्रतियोगिता में बच्चों के अनुकरणीय और उत्कृष्ट प्रदर्शन ने उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया तथा वात्सल्य परिवार का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय के प्रबंधक अभिषेक श्रीवास्तव एवं शिक्षकगणों ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया और सभी विजेता तथा प्रतिभागी छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।

जिला स्तरीय संस्कृति महोत्सव में 16 विधाओं का भैया बहनों ने किया प्रदर्शन

225 भैया बहनों ने दिखाया अपना हुनर और प्रतिभा



बरेली। सरस्वती शिशु मंदिर में जिला स्तरीय संस्कृति महोत्सव का आयोजन हुआ। जिसमें जिले के विभिन्न स्थानों के विद्यालयों छात्रावासों के 225 भैया बहनों द्वारा 16 विधाओं का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रविराज दांगी, प्राचार्य सियरमऊ वीरेंद्र प्रताप यादव प्राचार्य प्रतापगढ़ मां नर्मदा शिक्षण समिति के अध्यक्ष मनोज शांडिल्य सचिव हिरेंद्र मालवीय, विकास राय विद्यालय के प्राचार्य जयप्रकाश तिवारी की विशेष उपस्थिति रही। 16 विधाओं का प्रदर्शन- जिला स्तरीय संस्कृति महोत्सव में सिलवानी विवेकानंद पुरम बेगमगंज हनुमान बाग प्रतापगढ़ सियरमऊ आवासीय छात्रावासों एवं विद्यालयों के 225 भैया बहनों द्वारा एकल अभिनय, शास्त्रीय नृत्य, शास्त्रीय गायन, तबला वादन, प्रश्न मंच, मूर्ति कला, चित्रकला, रंगोली, गीता पाठ, प्रथमाक्षरी, एकल भजन, वंदे मातरम, आचार्य पत्र वाचन, कथा वाचन एवं तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता इत्यादि में भाग लेकर अपना शानदार जानदार प्रदर्शन कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।

श्रद्धालुओं ने भाव विभोर होकर किया नृत्य, नगर परिषद अध्यक्ष हेमंत चौधरी ने भी गाया भजन

राधा अष्टमी पर श्रीजी मंदिर में गूंजे राधा-कृष्ण के भजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

राधा अष्टमी के पावन अवसर पर नगर के प्राचीन श्रीजी मंदिर में श्री राधा रानी कीर्तन मंडल के तत्वावधान में भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विदिशा से आए मां कृष्णा जागरण ग्रुप के कलाकारों ने श्री राधा रानी एवं भगवान श्रीकृष्ण के एक से बढ़कर एक सुंदर और मनमोहक भजनों की प्रस्तुतियां दीं। भजनों की मधुर धुनों पर श्रद्धालु देर रात तक भक्ति में झूमते, नाचते और गाते नजर आए। नगर परिषद अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी ने भी श्री कृष्ण भक्ति में डूबते हुए भजन गाया। कार्यक्रम की



अध्यक्षता कर रहे नगर परिषद अध्यक्ष हेमंत 'राजा भैया' चौधरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि नगर परिषद का चुनाव जीतने के बाद सबसे पहले हनुमानगढ़ी धाम में विकास कार्य कराया गया था। उन्होंने कहा कि वर्तमान में नगर परिषद द्वारा नगर के धार्मिक स्थलों एवं मंदिरों के विकास और सौंदर्यीकरण की श्रृंखला चलाई जा रही है। इसके तहत धार्मिक स्थलों पर टीन शेड एवं पेवर ब्लॉक लगाने सहित विभिन्न विकास कार्य किए जा रहे हैं। नगर के काली मंदिर में भी रेलिंग निर्माण का कार्य चल रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भी धार्मिक स्थलों के विकास और सौंदर्यीकरण के लिए कार्य जारी रखे जाएंगे। नगर परिषद अध्यक्ष हेमंत चौधरी ने स्वयं श्री राधा-कृष्ण का सुंदर भजन प्रस्तुत किया। उनके भजन पर श्रद्धालु झूम उठे और तालियों के साथ उनका उत्साहवर्धन किया। भजन संध्या में नगर परिषद अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी, पार्षद पूरन सिंह धाकड़, गोलू धाकड़, अवनीश पालीवाल, राधेश्याम पालीवाल, हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष दिनेश बबेले, पूर्व अध्यक्ष दुर्गा धाकड़, पत्रकार संजय शर्मा, एल्डरमैन हिमकर उपाध्याय, हरिचरण बारिबा, गोपाल स्वरूप ठाकुर, शारदा प्रसाद सराठे,मनमोहन शर्मा, वीरेंद्र धाकड़, वीरेंद्र शर्मा, अमित शर्मा, प्रदीप द्विवेदी कमल शर्मा, दिलीप शर्मा, अमित राय, रमाकांत शर्मा, अंकित राय, प्रेम नारायण मेहरा,प्रदीप साहू, सहित नगर के गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी का आयोजन समिति के संयोजक विपिन व्यास ने आभार व्यक्त किया।

बहुउददेशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या. खम्मूखेड़ी शाखा देवखजूरी

पंजीयन क्रमांक 458-22/07/1967 दिनांक: 21/09/2026

वार्षिक आमसभा सूचना

बहुउददेशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति खम्मूखेडी शाखा देवखजूरी के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की वार्षिक आमसभा दिनाँक 22/09/26, दिन मंगलवार को समय दोपहर 12 बजे स्थान खेरूआ हाट में आयोजित की गई है। गणपूर्ती कोरम के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में स्थगित साधारण सभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर 1/2 घंटा पश्चात् होगी। समस्त सदस्यों को साधारण डाक से सूचना दी गई है, बैठक में आपकी उपस्थिति आवश्यक है।

रूचिता सोनी
समिति प्रबंधक

किशोर कुमार अहरवाल
समिति प्रशासक

बिना प्लानिंग सड़क-नाली, जल निकासी और पार्किंग की सुविधाएं पीछे छूटीं

सिटी प्लानर नहीं, फिर भी बस रहीं कॉलोनियां नगर निकायों में बेतरतीब विस्तार का खेल जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

रायसेन शहर तेजी से फैल रहा है, नई कॉलोनियां बस रही हैं और निर्माण कार्य लगातार बढ़ रहे हैं, लेकिन इन सबको व्यवस्थित दिशा देने वाला नपा परिषद रायसेन में सिटी प्लानर ही नहीं है। नगर निकायों में शहर के सुनियोजित विकास की जिम्मेदारी संभालने वाले नगर निवेशक का पद शासन स्तर पर वर्ष 2014 में स्वीकृत किया गया था। इसके बावजूद 12 साल बीतने के बाद भी रायसेन जिले के नगरीय निकायों में इस पद पर नियुक्ति नहीं हो सकी है। नतीजा यह है कि शहर का विकास कॉलोनियों का विस्तार तो हो रहा है, लेकिन भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर प्लानिंग करने का काम दूसरे स्तर के अधिकारियों-कर्मचारियों के भरोसे चल रहा है।

रायसेन नगर पालिका सहित जिले की अन्य नगर परिषदों में लगातार नई कॉलोनियां विकसित हो रही हैं। कई जगह बसाहट के दौरान सड़क, नाली, जल निकासी, पुलियाओं के निर्माण पार्किंग और सार्वजनिक सुविधाओं के लिए पर्याप्त जगह का ध्यान नहीं रखा जा रहा। बाद में इन्हीं क्षेत्रों में सड़क और नालियां बनाने की जरूरत सामने आती है। बारिश के दौरान जलभराव और पानी निकासी संकरी सड़कों जैसी समस्याएं भी सामने आती हैं। ऐसे में शहर के विस्तार के साथ सुविधाओं का समानांतर विकास नहीं हो पाने का असर आने वाले समय में और बढ़ सकता है।



2014 में पद बनाया, 12 साल बाद भी नियुक्ति नहीं

नगर निकायों में बेहतर और व्यवस्थित विकास के उद्देश्य से वर्ष 2014 में नगर निवेशक सहित नगर विकास से जुड़े पदों का प्रावधान किया गया था। इसका उद्देश्य शहर के वर्तमान और भविष्य के विस्तार को ध्यान में रखते हुए विकास की योजना तैयार करना था। लेकिन पद स्वीकृत होने के बाद भी नियुक्तियां नहीं होने से स्थानीय स्तर पर विशेषज्ञ प्लानिंग की व्यवस्था विकसित नहीं हो सकी। नगर पालिका में भी सिटी प्लानर का पद खाली है। यहां निर्माण और विकास से जुड़े प्लानिंग के काम फिलहाल सब इंजीनियरों के माध्यम से कराए जा रहे हैं।

टीएनसीपी भोपाल पर प्लानिंग पर दारोमदार

नगर निकायों में स्थानीय स्तर पर सिटी प्लानर नहीं होने के कारण टाउन एंड कंट्री प्लानिंग यानी टीएनसीपी भोपाल की व्यवस्था पर प्लानिंग का दारोमदार काफी हद तक निर्भर है। भवन निर्माण प्लान और अनुमति से जुड़े काम निकाय स्तर पर होते हैं, लेकिन शहर के भविष्य के विस्तार को लेकर स्थानीय स्तर पर समग्र प्लानिंग की कमी महसूस होती है। शहर का कौन सा क्षेत्र किस दिशा में विकसित होगा, कहां मुख्य सड़क की जरूरत होगी। कहां जल निकासी की व्यवस्था होगी और भविष्य में पार्किंग या सार्वजनिक सुविधाओं के लिए कितनी जगह चाहिए—ऐसे विषयों पर पहले से योजना बनाना जरूरी है। स्थानीय स्तर पर सिटी प्लानर नहीं होने से इन कामों में समन्वय की चुनौती बनी रहती है।

पहले कॉलोनी बसती है, बाद में सड़क-नाली और पुलिया बनती है

शहर के आसपास तेजी से नई कॉलोनियां आकार ले रही हैं। कई स्थानों पर बसाहट के बाद सड़क, नाली और जल निकासी की जरूरत सामने आती है। यानी जिस बुनियादी ढांचे की व्यवस्था कॉलोनी विकसित होने से पहले होनी चाहिए। उसके लिए बाद में सरकारी संसाधनों से काम कराना पड़ता है। जानकारों के मुताबिक यदि कॉलोनी बसाने से पहले सड़क की चौड़ाई, नाली, जल निकासी, पार्किंग, हरित क्षेत्र और सार्वजनिक सुविधाओं की व्यवस्था तय हो तो भविष्य की परेशानियों को काफी हद तक रोका जा सकता है। इसके लिए स्थानीय स्तर पर बेहतर तकनीकी प्लानिंग और निगरानी जरूरी है।

सवालः 12 साल बाद भी नियुक्ति क्यों नहीं ?

सबसे बड़ा अहम सवाल यही है कि जब नगर निवेशक का पद वर्ष 2014 में स्वीकृत किया गया था तो अब तक नियुक्ति क्यों नहीं हो सकी। रायसेन शहर और जिले के नगरीय निकायों में निर्माण लगातार बढ़ रहा है। नई कॉलोनियां विकसित हो रही हैं और आबादी का विस्तार हो रहा है। ऐसे समय में शहर की प्लानिंग करने वाले विशेषज्ञ पद का खाली रहना व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है।

इनका कहना है...

रायसेन नपा परिषद में सिटी प्लानर के पद पर नियुक्ति नहीं हो सकी है। फिलहाल यह काम सब इंजीनियरों के सहारे कराया जा रहा है। सिटी प्लानर की नियुक्ति शासन स्तर से ही होना है।

शशिकांत मोहोड़, स्वच्छता निरीक्षक, नपा परिषद रायसेन

सीएम के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

टीईटी परीक्षा का विरोध, सामूहिक उपवास पर बैठे शिक्षक-शिक्षिकाएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के बैनर तले शिक्षकों ने टीईटी परीक्षा के विरोध में मोर्चा खोल दिया है। शिक्षकों ने जिला मुख्यालय पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी प्रतिमा के समक्ष सामूहिक उपवास कर धरना दिया और मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। इसके पूर्व शिक्षक शिक्षिकाएं बापू की प्रतिमा के समक्ष एकत्रित हुए। आजाद अध्यापक संघ के संभागीय उपाध्यक्ष सीताराम रायकवार, संयुक्त मोर्चा अध्यक्ष सूर्य प्रकाश सक्सेना, राजेश जोशी, हरिराम विश्वकर्मा का कहना है कि शिक्षक पात्रता परीक्षा टीईटी को लेकर शिक्षकों में असमंजस और नाराजगी बढ़ती जा रही है। परीक्षा की एजेंसी और मोड बदलने के बाद भी वरिष्ठता, वेतन, प्रथम नियुक्ति और सेवा निरंतरता को लेकर स्थिति साफ नहीं है। संयुक्त शिक्षक मोर्चा जिला अध्यक्ष सूर्य प्रकाश सक्सेना ने आगे कहा कि जो शिक्षक 20-25 वर्षों से सेवा दे रहे हैं। उनके लिए पुनः परीक्षा की व्यवस्था पर सरकार को पुनर्विचार करना चाहिए। जिला अध्यक्ष सक्सेना मनीष नामदेव, राकेश अहिरवार बने सिंह वर्मा ने कहा कि लंबे समय से सेवा दे रहे शिक्षकों की सेवा-सुरक्षा और सम्मान का ध्यान में रखते हुए समाधान निकाला जाए।

तीन किमी लंबी कलेक्ट्रेट कार्यालय तक निकली शिक्षकों ने महारैली

ये हैं मुख्य मांगें

शिक्षकों ने विशेष रूप से मांग उठाई है कि वर्ष 2018 से पहले नियुक्त शिक्षकों की प्रथम नियुक्ति, वरिष्ठता, वेतन, पेंशन एवं अन्य सेवाकालीन लाभों पर टीईटी का कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़े, इसे लिखित रूप से स्पष्ट किया जाए। साथ ही टीईटी से संबंधित नियम 11(2) किन शिक्षकों और किन परिस्थितियों में लागू होगा, इस पर भी स्थिति स्पष्ट करने की मांग की गई है। इसी मुद्दे को लेकर 20 सितंबर को रायसेन में जिला स्तरीय सामूहिक उपवास रखकर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा को एसडीएम मनीष शर्मा के जरिए ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। संगठन के अनुसार यह विरोध सिर्फ रायसेन तक सीमित नहीं है। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं किया गया तो आंदोलन को आगे और तेज किया जाएगा। समाधान नहीं होने की दशा में 1 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन धरना और भोपाल में 1 दिन के लिए भोपाल रवाना होंगे। शिक्षिकाएं हाथ में टीईटी परीक्षा के आदेश वापस करो' की तख्तियां लिए नारेबाजी करती नजर आ रही थीं।

सोलर प्लांट में चोरी करने वाले दो शातिर चोरों को देवनगर पुलिस ने लिया हिरासत में, नकदी व तार किया बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

देवनगर थाना पुलिस ने ग्राम टिकौदा के सोलर प्लांट से कॉपर केबल चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को हाल ही में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 70 किलो कॉपर तार और 19 हजार रुपए नकद बरामद किए हैं। पूछताछ में आरोपियों ने रायसेन जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में सोलर प्लांट और ट्यूबवेल से केबल चोरी की कई वारदातों में शामिल होना बताया है। गिरोह के तीन आरोपी अभी फरार हैं।

एसपी आशुतोष गुप्ता देव नगर थाने के टीआई हरिओम अस्ताया के अनुसार ग्राम टिकौदा निवासी देशराज सिंह बघेल ने 17 सितंबर को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि 15 से 17 सितंबर की दरमियानी रात अमरावाला खेत में लगे सोलर प्लांट से अज्ञात चोर तीन बंडल कॉपर वायर चोरी कर ले गए। रिपोर्ट के बाद देवनगर पुलिस ने केस दर्ज कर गहन जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने तकनीकी और भौतिक साक्ष्यों के आधार पर शाहरुख खान (30), निवासी करमेड़ी, शमशाबाद, हाल संजय नगर रायसेन को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में उसने अपने साथियों के साथ सफेद कार से टिकौदा के सोलर प्लांट पहुंचना और कटर से जाली काटकर कॉपर केबल चोरी करना कबूल किया।



52 हजार में कबाड़ी को बेचा तार जलाकर निकाला कॉपर

पुलिस की कड़ी पूछताछ में सामने आया कि चोरी की केबल सिरोंज निवासी कबाड़ी शारिक कुरैशी (25) को 52 हजार रुपए में बेची गई थी। शारिक ने केबल को जलाकर उसमें से कॉपर निकाल लिया था। कुछ कॉपर उसने दूसरे कबाड़ियों को बेच दिया, जबकि बाकी कॉपर और 19 हजार रुपए नकद अपनी दुकान पर रखे थे। पुलिस ने कार्रवाई कर कॉपर और नकदी जब्त कर ली।

शाहरुख ने पुलिस को बताया कि उसने साथियों शेर सिंह कुशवाह, चांदू मेवाती और काले खां उर्फ कल्ला के साथ सांची क्षेत्र में ट्यूबवेल की मोटर की केबल, सांचेत में वेयर हाउस के पास सोलर प्लांट, सुल्तानपुर थाना क्षेत्र में पोजा फैक्ट्री के सामने भूसीमेटा-रायसेन रोड स्थित सोलर प्लांट और बेगमगंज थाना क्षेत्र के खानपुर सोलर प्लांट में भी केबल चोरी की वारदातें की हैं। इन मामलों में पुलिस संबंधित थाना क्षेत्रों से जानकारी और साक्ष्य जुटा रही है।

तीन आरोपी फरार, तलाश जारी

पुलिस ने मामले में शाहरुख खान और शारिक कुरैशी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया। वहीं शेर सिंह कुशवाह, चांदू मेवाती और काले खां उर्फ कल्ला फरार हैं। पुलिस उनकी तलाश में दबिश दे रही है। पुलिस की इस धरपकड़ की कार्रवाई में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक हरिओम अस्ताया, सउनि सतीश जालवान, सउनि कफिल शेख सहित प्रधान आरक्षक भूपेश सिंह, हरनाम सिंह, कमलेश चौरसिया, देवराम सूर्यवंशी, संजीव धाकड़ और आरक्षक सोनू कुमार व सौरभ रघुवंशी की भूमिका रही।

आज निकलेगा सबसे बड़ा डोल, नगर भ्रमण करेंगे भगवान नृसिंह

सीहोर। शहर के कोलीपुरा स्थित प्राचीन सिद्धपीठ नृसिंह लक्ष्मी मंदिर में डोल ग्यारस का पर्व मंगलवार को श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। हर वर्ष की परंपरा के अनुसार इस अवसर पर भगवान श्री नृसिंह का डोल निकाला जाएगा।

बोले- केवल कागजी निराकरण नहीं, मौके पर समाधान चाहिए

कलेक्टर ने ली टीएल बैठक, सीएम हेल्पलाइन में लापरवाही पर संबंधितों को लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सोमवार को सुबह कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा ने टीएल की बैठक ली। बैठक में सीएम हेल्पलाइन और सेवा संकल्प अभियान की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने विभागों की लेटलतीफी पर नाराजगी जताई। कलेक्टर ने साफ तौर से कहा कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का निराकरण सर्वोच्च प्राथमिकता है। कई विभागों में लंबे समय से शिकायतें लंबित हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर शिकायत की रोजाना मॉनिटरिंग करें। निराकरण सिर्फ कागजों में नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर होना चाहिए। शिकायतकर्ता को संतुष्ट होना चाहिए।

सेवा संकल्प अभियान में जनभागीदारी बढ़ाने के निर्देश : कलेक्टर ने सेवा संकल्प अभियान के तहत हो रहे कार्यक्रमों की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि हर विभाग तय कार्ययोजना के अनुसार कार्यक्रम करे। प्रचार-प्रसार तेज किया जाए ताकि अधिक से अधिक लोग जुड़ सकें। बैठक में राजस्व, स्वास्थ्य, शिक्षा, ग्रामीण विकास, महिला बाल विकास और कृषि विभाग के कामों की समीक्षा की गई। लापरवाह अधिकारियों को समय-सीमा में काम पूरा करने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ कमल सोलंकी, डीएफओ प्रतिभा शुक्ला, अपर कलेक्टर मनोज उपाध्याय एसडीएम मनीष शर्मा सहित सभी जिला अधिकारी मौजूद रहे। ब्लॉकों से एसडीएम, जनपद सीईओ और सीएमओ वीसी के जरिए जुड़े।



पोषण रंगोली से सेवाओं का प्रदर्शन, पौधरोपण के लिए किया प्रेरित

मेरी आंगनबाड़ी मेरी जिम्मेदारी थीम पर महावीर कॉलोनी में लगा शिविर

सिलवानी। बच्चों को पौष्टिक आहार की आदत डालने और महिलाओं को पोषण के प्रति जागरूक करने के लिए सोमवार को महावीर कॉलोनी स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण शिविर लगाया गया। राष्ट्रीय पोषण मिशन के तहत 9 सितंबर से शुरू पोषण माह में 'मेरी आंगनबाड़ी, मेरी जिम्मेदारी' थीम पर आयोजित शिविर में 3 से 6 वर्ष के बच्चों को ताजा पका हुआ स्थानीय और विविधतायुक्त नाश्ता कराया गया। महिलाओं को भी संतुलित आहार के महत्व की जानकारी दी गई।

शिविर में पोषण रंगोली बनाकर आंगनबाड़ी के माध्यम से दी जाने वाली सेवाओं का प्रदर्शन किया गया। बच्चों और महिला हितग्राहियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में पंचवटी से पोषण की अवधारणा के तहत आंवला, मुनगा, नींबू और अमरूद जैसे पोषणयुक्त पौधे घरों में लगाने के लिए महिलाओं को प्रेरित किया गया। सेक्टर सुपरवाइजर मानकुंवर प्रजापति ने मुनगा और सोयाबड़ी के पोषण संबंधी फायदे बताए। उन्होंने इनसे तैयार होने वाले व्यंजनों की विधि भी समझाई। महिलाओं से उनके अनुभव जाने गए और उपयोगी अनुभवों को अन्य हितग्राहियों के साथ साझा करते हुए उन्हें भी अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।



अंचल की आंगनबाड़ियों में चल रही गतिविधियां: विभाग के अनुसार पोषण माह के दौरान सिलवानी अंचल की आंगनबाड़ियों में लगातार पोषण गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इनमें बच्चों, महिलाओं और अन्य हितग्राहियों को पोषण संबंधी जानकारी देने के साथ विभागीय सेवाओं से जोड़ा जा रहा है। उद्देश्य अधिक से अधिक हितग्राहियों तक पोषण का संदेश पहुंचाना है। कार्यक्रम में सीडीपीओ आबिदा बी, सेक्टर सुपरवाइजर मानकुंवर प्रजापति, सुरक्षा विश्वकर्मा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सुषमा प्रजापति, सहायिका एवं हितग्राही मौजूद रहे।

35-40 गांवों के ग्रामीणों को निजी अस्पतालों का सहारा

डॉक्टर नहीं मिले तो बिना उपचार के लौटे मरीज

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दीवानगंज में स्वास्थ्य सेवाएं इन दिनों ग्रामीणों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई हैं। शनिवार से सोमवार तक अस्पताल में डॉक्टर के उपलब्ध नहीं रहने से इलाज के लिए पहुंचे कई मरीजों को बिना उपचार के ही वापस लौटना पड़ा। कई मरीजों को मजबूरी में निजी डॉक्टरों के पास जाकर रुपए खर्च कर इलाज कराना पड़ा।

ग्रामीणों का कहना है कि यह एक दिन की समस्या नहीं है, बल्कि हर कभी डॉक्टर के अनुपस्थित रहने पर आसपास के 35 से 40 गांवों के मरीजों को इसी तरह परेशानी उठानी पड़ती है। इस समय मौसमी बीमारी के कारण रोजाना मरीजों की तादाद बढ़ रही है ऐसे में सरकारी अस्पताल में डॉक्टर ना होना सोच से परे है। सोमवार को अंबाडी निवासी बुजुर्ग पूरन साहू, दीवानगंज निवासी लालजी प्रजापति, रामकिशन सेन और सेजल साहू इलाज कराने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। अस्पताल में डॉक्टर के उपस्थित नहीं होने के कारण मरीजों को घंटों इंतजार करना पड़ा। डॉक्टर नहीं पहुंचे तो उन्हें बिना इलाज के वापस लौटना पड़ा।

पांच महीने से जन्म प्रमाण पत्र के लिए भटक रहा परिवार

स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों की समस्या के साथ ही जन्म प्रमाण पत्र बनवाने में भी ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कंप्यूटर ऑपरेटर की व्यवस्था नहीं होने से कई महीनों से जन्म प्रमाण पत्र बनाने का काम प्रभावित हो रहा है। आसपास के करीब 30 गांवों के ग्रामीण प्रमाण पत्र के लिए बार-बार अस्पताल के चक्कर लगा रहे हैं। अमर सिंह ने बताया कि उनकी बेटी का जन्म करीब पांच महीने पहले हुआ था। पांच महीने बीत जाने के बाद भी जन्म प्रमाण पत्र नहीं मिला है। उन्होंने बताया कि वे करीब पांच किलोमीटर पैदल चलकर अस्पताल आते हैं और हर बार प्रमाण पत्र नहीं बनने की जानकारी देकर वापस भेज दिया जाता है। अमर सिंह के अनुसार वे अब तक करीब 10 बार अस्पताल के चक्कर लगा चुके हैं, लेकिन जन्म प्रमाण पत्र नहीं मिल पाया।



रायसेन में 1000 से ज्यादा प्रमाण पत्र पेंडिंग

जन्म प्रमाण पत्र में हो रही देरी को लेकर अस्पताल के कर्मचारियों से जानकारी लेने पर बताया गया कि डिजिटल प्रमाण पत्र रायसेन जिले से बनकर आते हैं। स्थानीय स्तर से आवेदन तैयार कर भेजे जाते हैं, लेकिन जिले से प्रमाण पत्र जारी होने में देरी हो रही है। इस संबंध में रायसेन स्तर पर संपर्क करने पर कंप्यूटर ऑपरेटर अनिल विश्वकर्मा ने बताया कि पोर्टल करीब 20 दिनों से बंद था, जो अब चालू हुआ है। उनके अनुसार 1000 से अधिक जन्म प्रमाण पत्र पेंडिंग हैं। प्रतिदिन करीब 100 प्रमाण पत्र बनाए जा रहे हैं, जिसके कारण लंबित प्रमाण पत्रों को पूरा करने में समय लग रहा है।

नए कंप्यूटर ऑपरेटर की होगी व्यवस्था

कंप्यूटर ऑपरेटर नहीं होने के कारण दीवानगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में दो फार्मलिस्ट रखे गए हैं। नए कंप्यूटर ऑपरेटर की व्यवस्था की जाएगी और फार्मलिस्ट को सांची बुलाया जाएगा।

लक्ष्मी कुमार, बीएमओ, सांची